e-paper available
www.bcrnews.co.in

BCR
BOLLYWOOD CINE REPORTER
NEWS
ONLINE NEWS CHANNEL
www.youtube.com/bcrnewsonline

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर

RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16

website: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

प्रकाशक एवं सम्पादक : अजय शास्त्री 09350859564, 09310252692 | वर्ष 03 अंक 38 | दिनांक: 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2015 तक | मूल्य 6/- रूपया



सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

संरक्षक
श्रीयांशी शास्त्री
दिव्यांशी शास्त्री

प्रकाशक व सम्पादक
अजय शास्त्री
09350859564
09310252692
Email: editorbcr@gmail.com

प्रधान सम्पादिका
रचना शर्मा

ब्यूरो प्रमुख
अफाक खान समीर
(ब्यूरो प्रमुख, दिल्ली-एनसीआर)
मो. 009871202044

सुन्दर
(प्रचार व प्रसार, दिल्ली)

सभी पद अवैतनिक हैं

AJAY SHASTRI MEDIA ACADEMY
ASMA WAY TO BOLLYWOOD

WAY TO BOLLYWOOD

ACTING | ANCHOR | DIRECTION | DANCE

AJAY SHASTRI MEDIA ACADEMY (R)

फिल्मी दुनिया में आसानी से अपनी पहचान बनाने और काम पाने के लिए आज ही ज्वाइन करें

100%* PLACEMENT

Mob: 09350859564, 09310252692

Admission form Avilable on:
www.bcrnews.co.in

ONLINE & MEDIA PARTNER:
Website Maker Let's Make It
BCR NEWS हर क़दम, आपके साथ
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर www.bcrnews.co.in

SUPPORTED BY:
NIFTDA FILM ASSOCIATION
T-Time Music

Bharat Ratna Film Festival & Awards (BRFFA)

Show Cased by
VR Entertainmentz World
&
Maruti Viraj productions

Associated with xYzo Entertainment &
Keshav Entertainments

Bharat Ratna Film Festival
& Awards (BRFFA)
BRFFA is searchingEntertainer
from all over INDIA
BHARAT RATNA (DIAMONDS)

+919029812295/ +917710812297

Supporters

Magazine Print Partner
Model Craft

Digital Media Partner
Movietone Digital Entertainment Pvt Ltd

Event Coordinator Partner
Blue Orranz Media Solutions

Print Media Partner
HELLO MUMBAI

Portal Partner
BCR NEWS हर क़दम, आपके साथ

Supporters

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर

RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16

www.bcrnews.co.in

में समाचार, विज्ञापन, फिल्म पोस्टर, पी सी, फिल्म प्रमोशन आल इण्डिया, मॉडल व एक्टर अपना इन्टरव्यू प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं

Special Facility for
Strugglers
बॉलीवुड में आसान प्रवेश करने का रास्ता

फिल्म बनवाने व रिलीज करवाने के लिए भी कर सकते हैं
(गारन्टी के साथ रिलीज)

09350859564
09310252692
Email: editorbcr@gmail.com

NORTH INDIAN FILM & TELEVISION DEVELOPMENT ASSOCIATION (Regd.)
(उत्तर भारत की एक मात्र फिल्म एसोसिएशन)
उत्तर भारत में फिल्मी दुनिया से जुडे सभी लोग एसोसिएशन के सदस्य बनकर लाभ उठाऐं एवं उत्तर भारत में फिल्म इन्डस्ट्री को स्थापित करने के सहयोगी बनें।
Mob:- 09350859564 (Delhi), 09310252692 (Whatsapp)

NIFTDA

Ajay Shastri
(President)

'लंदन ठुमकदा' के सिंगर 'लाभ जंजुआ' की मौत, घर में मिला शव

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। 'लंदन ठुमकदा' के चर्चित गायक लाभ जंजुआ का शव गोरेगांव (पश्चिम) स्थित उनके आवास पर मिला। गायक लाभ की नौकरानी जब घर पहुंची तो उन्हें गायक का शव उनके बेडरूम में मिला। लाभ जंजुआ का शव पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल के लिए ले जाया गया है।

वहीं पुलिस उनकी संदिग्ध हालात में हुई मौत की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। लाभ ने कई बॉलीवुड फिल्मों जैसे 'प्यार के साइड इफेक्ट्स', 'देव डी', 'सिंह इज किंग', 'पार्टनर', 'क्वीन' और 'गर्म मसाला' के लिए शानदार गाने गा चुके हैं। लाभ ने अक्षय कुमार की हालिया प्रदर्शित फिल्म 'सिंह इज ब्लिंग' में भी अपने सुर का जादू चलाया था।

'यारा सिली सिली' में पाओली एक सेक्स वर्कर की भुमिका निभा रही है

"ऐ सरकेले, टाइम खोटी मत कर, चल उतार कपड़े"



बीसीआर न्युज़।।मुम्बई।। ''हेट स्टोरी'' में अपने बोल्ड किरदार से चर्चा बटोरने वाली बंगाली एक्ट्रेस पाओली दम जल्द ही बड़े पर्दे पर फिर नजर आएंगी। पाओली तीन सालों के बाद बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। इस बार उनकी फिल्म कोई रेवेंज ड्रामा नहीं बल्कि एक लव स्टोरी होगी।

इससे भी दिलचस्प बात ये है कि पाओली इस फिल्म में बेहद बोल्ड डायलॉग्स बोलती नजर आएंगी। ''यारा सिली सिली'' नाम की इस फिल्म में पाओली ''मल्लिका'' नाम की एक प्रोस्टिट्यूट के रोल में हैं।

सुभाष सहगल इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और ''ऐ सरकेले, टाइम खोटी मत कर, चल उतार कपड़े'' उनके पसंदीदा डायलॉग्स में से एक है।

फिल्म में बोल्ड डायलॉग्स और गाली–गलौच होने के बावजूद निर्देशक को सेंसर बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिल गई है।

सुभाष सहगल ने बताया, ''सेंसर बोर्ड के अधिकारियों ने भी हमारी फिल्म की तारीफ की है क्योंकि इस तरह के शब्द और बोल्ड डायलॉग्स फिल्म की कहानी में सही तरह से इस्तेमाल किए गए हैं।''

पाओली ने कहा, ''हालांकि मैं फिल्म में एक प्रोस्टिट्यूट का रोल कर रही हूं लेकिन ये मेरी पिछली फिल्म 'हेट स्टोरी' से बिलकुल अलग है। 'यारा सिली सिली' में मल्लिका एक सेक्स वर्कर है और फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़के से मिलने के बाद कैसे उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है।

'हेट स्टोरी' से अलग ''यारा सिली सिली'' एक लव स्टोरी है।''

'यारा सिली सिली' 6 नवंबर को रिलीज होगी।

'मैं और चार्ल्स' का गाना रिलीज, ट्रेलर से भी ज्यादा बोल्ड

बीसीआर न्युज़।।नई दिल्ली।। अपने ट्रेलर से काफी सुर्खियां बटोरने वाली फिल्म 'मै और चार्ल्स' का एक हॉट गाना रिलीज हो गया है। फिल्म का हॉट गाना 'वो तो यही है लेकिन' भी ट्रेलर की तरह काफी बोल्ड सीन से भरा हुआ है। इस गाने में भी काफी बोल्ड सीन हैं।

इस गाने में अभिनेता रनदीप हुड्डा और तीन अभिनेत्रियां है, जिसमें रिचा चड्ढा भी शामिल है। बता दें इस फिल्म में रणदीप हूडा और रिचा चड्ढा लीड रोल में हैं। रिचा चड्ढा ने अपना बोल्ड अंदाज तो ट्रेलर लॉन्च पर ही दिखा दिया था जब उन्होंने कैमरे के सामने ही रनदीप हुड्डा को किस किया था।

पाकिस्तानी गायक अदनान सामी को मिल सकती है भारतीय नागरिकता

बीसीआर न्युज़।।मुंबई।। मशहूर पाकिस्तानी गायक अदनान सामी को जल्द ही भारत की नागरिकता मिल सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अदनान दो बार भारत की नागरिकता के लिये आवेदन कर चुके हैं। अदनाम पिछले 14 सालों से भारत में रह रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार अगस्त में ही अदनान को जब तक चाहें भारत में रहने के लिए मंजूरी दे दी है। लाहौर में जन्मे अदनान सबसे पहले एक साल के वीजा पर 2001 में भारत आए थे और तब से वीजा एक्सटेंशन करवा रहे हैं।

एक इंटरव्यू में अदनान सामी ने कहा था कि 14 सालों से मैं यहां रह रहा हूं। जितना समय मैंने भारत में बिताया है, उतना कहीं नहीं बिताया। इसलिए मैं इस देश से जुड़ाव महसूस करता हूं। मेरे लिए यह एक घर की तरह है।

पाकिस्तानी गायक अदनान सामी को भारत की नागरिकता प्रदान किए जाने की तैयारी संबंधी खबरों पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर आखिरी फैसला करेगी। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह भारतीय नागरिक बनने के इच्छुक क्यों हैं।

अभय देओल के पिता का निधन, धर्मेन्द्र बेटों के साथ पहुंचे

बीसीआर न्युज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल के पिता और हिन्दी सिनेमा के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र के छोटे भाई अजीत सिंह देओल का शुक्रवार शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार यहां शनिवार सुबह किया गया।

अंतिम संस्कार के दौरान धर्मेंद्र की आंखों में आंसू थे। उनके साथ बेटा सनी और बॉबी देओल तथा भतीजे अभय भी थे। अजीत के अंतिम संस्कार में फिल्म जगत की कई हस्तियां पहुंचीं, जिनमें वीरू देवगन, अनिल शर्मा, अनीस बज्मी और अन्नू कपूर भी शामिल हैं। अजीत कई तरह की बीमारियों से पीडित थे।

अजीत के निधन के वक्त अभय, धर्मेंद्र और सनी उनके साथ थे। बताया जाता है कि उनके गॉल ब्लैडर का इलाज चल रहा था। अजीत अभिनेता थे और उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने कुछ हिंदी फिल्में भी की थी, जिनमें बॉबी के साथ 1995 में आई 'बरसात' भी शामिल है। उन्होंने 1982 में आई 'मेहरबानी' का निर्देशन भी किया था।

अब बायोपिक और एक्शन–ड्रामा फिल्में बनाएंगे सुभाष घई

बीसीआर न्युज़।।मुंबई।। फिल्म निर्माता सुभाष घई बायोपिक, एक्शन ड्रामा और सामाजिक संदेश देने वाली फिल्में बनाने की तैयारी कर रहे हैं। घई ने 'मुक्ता आर्ट्स' के 37 साल पूरे होने के मौके पर अगले साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। इन तीनों फिल्मों का निर्माण बॉलीवुड के बड़े सितारों और निर्देशकों के साथ किया जाएगा।

घई ने कहा कि हम तीन फिल्मों पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक एक्शन ड्रामा होगी, जिसमें बॉलीवुड के नामी कलाकार होंगे।

इसके अलावा एक फिल्म बायोपिक और एक सामाजिक तत्वों की थीम पर आधारित फिल्म हैं जिसमें नई पीढ़ी के कलाकार दिखेंगे। फिलहाल घई इन प्रोजेक्ट के साथ बतौर निर्माता जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि हमने अभी तक फिल्म के लिए किसी को साइन नहीं किया है। शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रितिक रोशन, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित जैसे तमाम बड़े बॉलीवुड सितारे मेरे अच्छे दोस्त हैं।

मुक्ता आर्ट्स के 37 साल पूरे होने का जश्न जुहू के इस्कॉन मंदिर में मनाया गया। वर्ष 1978 में स्थापना के बाद से मुक्ता आर्ट्स ने कर्ज, हीरो, कर्मा, राम लखन, सौदागर, खलनायक, परदेस, ताल और यादें जैसी यादगार फिल्में दी हैं। इसके अलावा, कंपनी ने भारत के सबसे बड़े और एकमात्र निजी विश्व स्तरीय फिल्म संस्थान ''व्हिस्टलिंग वुड्स इंटरनेशनल'' की स्थापना भी की है।

BCR BOLLYWOOD CINE REPORTER NEWS
सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर
RNI No- UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16
WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

'ढिशूम' में कैमियो रोल निभाएगी नरगिस फाखरी

बीसीआर न्युज़ ।।मुंबई।। खबरों के अनुसार अभिनेत्री नरगिस फाखरी जॉन अब्राहम अभिनीत एक्शन फिल्म 'ढिशूम' में एक मेहमान भूमिका में नजर आएंगी। रोहित धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म में उनके छोटे भाई वरूण धवन और अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य किरदारों में हैं।

सूत्रों ने अभिनेत्री की भूमिका के बारे में ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा, ''नरगिस फिल्म में छोटी सी भूमिका निभा रही हैं। वह मेहमान भूमिका में दिखेंगे। जॉन की चोट को ध्यान में रखते हुए एक बार तरीके तय हो जाएं तो वह शूटिंग शुरू कर देंगी।''

36 साल की अभिनेत्री इससे पहले जॉन के साथ सुजीत सरकार की फिल्म 'मद्रास कैफे' (2013) में जबकि वरूण के साथ डेविड धवन की 'मैं तेरा हीरो' (2014) में काम कर चुकी हैं। ऐसी भी चर्चाएं हैं कि अभिनेता अक्षय कुमार भी 'ढिशूम' में मेहमान किरदार में दिखायी देंगे।

उनके प्रवक्ता इसपर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। रोहित की पहली फिल्म 'देसी ब्यांयेज' में अक्षय और जॉन ने मुख्य किरदार निभाए थे।

शाहरूख जैसा हीरो रियल लाइफ में चाहती है दीपिका



बीसीआर न्युज़ ।।मुंबई।। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण अपनी रियल लाइफ में किंग खान शाहरूख खान जैसा हीरो चाहती है। दीपिका पादुकोण ने अपने करियर की शुरूआत शाहरूख खान की फिल्म ओम शांति ओम से की थी।

इसके बाद दीपिका ने शाहरूख के साथ चेन्नई एक्सप्रेस और हैप्पी न्यू ईयर जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। दीपिका पादुकोण शाहरूख खान के जैसा हीरो अपनी रियल लाइफ में भी चाहती है। दीपिका पादुकोण ने कहा कि उन्हें ऐसा हमसफर चाहिए जिसका स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस बिलकुल शाहरूख जैसा हो। दीपिका ने बताया कि शाहरूख आमतौर पर डेनिस और टी–शर्ट्स ही पहनते है, जो उन्हें बेहद पसंद आता है। दीपिका ने कहा कि रणबीर कपूर का खुद का ही एक पर्सनल स्टाइल है जो उन्हें बहुत पसंद है। उन्होंने कहा कि रणवीर सिंह का अंदाज बिल्कुल अलग है। वह आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर है जो उनके ड्रसिंग सेंस में झलकता है।

गुस्साई अमीषा ने दी गालियां, कुशाल ने भी दिया करारा जवाब

बीसीआर न्युज़ ।।नई दिल्ली।। 'बिग बॉस 7' फेम कुशाल टंडन ने हाल ही में ट्वीट कर कहा था कि अभिनेत्री अमीषा पटेल पर आरोप लगाया था कि उन्होनें राष्ट्रगान का अपमान किया है।

कुशाल ने ट्वीट कर जानकारी कहा था कि जुहू के एक सिनेमाहाल में वे मूवी देखने गए थे और वहां जब राष्ट्रगान बजा तो वह लड़की खड़ी नहीं हुई वह लड़की अमीषा पटेल थी।

इस पूरे मुद्दे पर अमीषा ने चुप्पी तोड़ा है और उन्होनें सफाई देते हुए ट्वीट कर कहा, 'जब वहां राष्ट्रगान बज रहा था तो वह पीरियड्स से थीं, इस वजह से वह खड़ी नहीं हुई.'

अमीषा ने ट्विटर पर सिर्फ सफाई ही नहीं दी बल्कि कुशाल पर जमकर अपना गुस्सा भी उतारा है। एक के बाद एक अमीषा ने कई ट्वीट किये और कुशाल की मानसिकता पर सवाल खड़ा किया है।

अब कुशाल टंडन ने अमीषा के ट्वीट का जवाब ट्वीटर के जरिए ही दिया है।

कुशाल ने ट्विटर पर लिखा, जब मैंने आपको देखा मुझे महसूस नहीं हुआ कि आप पीरियड्स से गुजर रही हैं क्योंकि आप फिल्म शुरु होने से पहले हंस रही थीं, एन्जॉय कर रही थीं, खड़ी भी हो रही थीं और राष्ट्रगान शुरु होने से पहले पास के फूड स्टॉल से खा भी रही थीं।

मेरे पास भी मां और बहन है और मैं उनका उतना ही सम्मान करता हूं जितना कि अपने देश का करता हूं।

बिग बॉस के घर से बाहर हुई रूपल त्यागी

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बिग बॉस के घर से इस बार टीवी एक्ट्रेस रूपल त्यागी बाहर हो गई हैं। पिछले हफ्ते रूपल के एक्स ब्यॉयफ्रेंड अंकित बाहर हुए थे और इस बार रूपल बाहर हुई हैं। इस हफ्ते नॉमिनेटेड लोगों में अमन वर्मा, रिमी सेन, मंदना करीमी और प्रिंस सुरक्षित बच गए।

घर से जाने से पहले रूपल को एक स्पेशल पावर दी गई। रूपल ने अपनी स्पेशल पावर का इस्तेमाल करते हुए प्रिंस और सुय्यश को दोबारा बंधन में बांध दिया।

रूपल ने जब घर में एंट्री की थी तो यही लग रहा था कि रूपल और उनके एक्स ब्यॉयफ्रेंड के बीच कुछ तीखी नोंकझोक देखने को मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अंकित पहले ही हफ्ते बाहर हो गए और दूसरे हफ्ते रूपल बाहर हो गईं।

घर से बाहर होते ही रूपल ने मॉडल मंदना पर खूब निशाना साधा। रूपल ने कहा कि घर में सबसे मतलबी मंदना हैं।

T-TIME MUSIC INDUSTRY (Regd.)
(A complete Audio-Video Releasing Company)
किसी भी भाषा में म्युजिक एलबम या फिल्म बनवाने या रिलीज करवाने के लिए सम्पर्क करें।
Mob:- 09350859564, 08750676801, 09310252692 (Whatsapp)
T-Time Music

'रंगून' के लिए शाहिद ने शुरू की तैयारी

बीसीआर न्यूज़।। मुंबई।। अभिनेता शाहिद कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'रंगून' के लिए काम शुरू कर दिया है। इस फिल्म का निर्माण विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में 34 साल के अभिनेता पहली बार कंगना रानौत और सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे।

इससे पहले शाहिद ने खुलासा किया था कि प्रेम त्रिकोण पर आधारित फिल्म में अपनी भूमिका में वह भारी–भरकम दाढ़ी में नजर आएंगे। शाहिद ने ट्विट करके कहा कि यह 'रंगून' की तैयारी का समय है।

हालांकि शाहिद ने अपने चरित्र के बारे में कुछ नहीं बताया है और कहा है कि इस पर बात करने का यह सही समय नहीं है।

बेहद हॉट है अदिति की अदाएं

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड एक्ट्रैस अदिति राव हैदरी आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही है। 29 साल की अदिति फिल्म 'ये साली जिंदगी' और 'लंदन पेरिस न्यूयॉर्क' जैसी फिल्मों में जबरदस्त किसिंग सीन दे चुकी हैं। इसके अलावा 'बॉस' फिल्म में भी अदिति बिकनी पहन हॉट लुक में नजर आईं हैं।

अदिति राव हैदरी बॉलीवुड की सबसे क्यूट अभिनेत्रियों में शुमार हैं। फिल्म 'दिल्ली–6' में रोल उनका भले ही छोटा था, लेकिन अपनी एक्टिंग से अदिति ने दर्शकों का दिल जीता।

इसके अलावा अदिति राव हैदरी ने कई मैगजीन्स के लिए फोटोशूट भी करवाए है। FHM मैगेजीन के दिसंबर 2012 अंक के कवर पर अभिनेत्री अदिति राव हैदरी छायी रहीं। उनका लुक काफी हॉट था।

'की एंड का' में हॉट करीना ने पहनेगी 32 किलो का लहंगा

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। अभिनेत्री करीना कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'की एंड का' के एक गीत में 32 किलोग्राम का लहंगा पहने नजर आएंगी। यह फिल्म आर बाल्की की है।

इस लिबास को करीना के पसंदीदा डिजायनर मनीष मल्होत्रा ने तैयार किया है। इस परिधान में जरदोजी का काफी काम किया गया है और इसमें जाली की कई परतें हैं।

एक उपनगरीय स्टूडियो में भारी लहंगा पहन कर करीना ने दो दिन तक शूटिंग की। इस गीत की कोरियोग्राफी बोस्को ने की है। एक सूत्र ने बताया है कि पूरी फिल्म में करीना पाश्चात्य रंगढंग में नजर आती हैं, वह अपने प्रशंसकों को निराश नहीं करना चाहती थी इस वजह से वह 'की एंड का' के इस गीत में पूरी तरह से भारतीय रूप में नजर आएंगी।

सूत्र ने बताया कि करीना के लहंगे का वजन 32 किलोग्राम से अधिक है और इसे उनके करीबी मित्र मनीष मल्होत्रा ने तैयार किया है। इस फिल्म में करीना ने एक बिजनेस वुमन का किरदार निभाया है और वह पहली बार अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी।

भज्जी की होने वाली पत्नी गीता बसरा ने दिए है बोल्ड सींस, तस्वीरें देख रह जाएंगे दंग

बीसीआर न्यूज़।।मुम्बई।। भारतीय टीम के क्रिकेटर हरभजन सिंह आज ही विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं और अपनी गर्लफ्रेंड तथा बॉलीवुड अभिनेत्री गीता बसरा से आज शादी के बंदन में बंध जाएंगे। उनकी संगीत सरेमनी में कई सेलेब्स नजर आए। आपको बता दें कि गीता बसरा ने फिल्मों में एंट्री अभिनेता इमरान हाशमी के साथ फिल्म दिल दे दिया से की थी। जिसके बाद उन्होंने द ट्रेन की जिसमें गीता बसरा और इमरान हाशमी का बोल्ड सीन जबरदस्त चर्चा में रहा। इसके अतिरिक्त गीता फिल्मों में कई बोल्ड सांग भी दे चुकी हैं।

BCR BOLLYWOOD CINE REPORTER NEWS
सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर
RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16
WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2015 तक



भाग्यश्री-माधुरी के लिए 'प्रेम रतन धन पायो' का खास शो रखेंगे सलमान खान

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी दो पुरानी सह कलाकारों माधुरी दीक्षित और भाग्यश्री के लिए फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' का विशेष शो रखने जा रहे है।

सलमान खान की फिल्म ''प्रेम रतन धन पायो'' दीपावली के अवसर पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में सलमान एक बार फिर से प्रेम के किरदार में परदे पर आने वाले हैं। खास बात यह है कि माधुरी और भाग्यश्री भी कभी रुपहले परदे पर प्रेम की प्रेमिका बन चुकी हैं।

भाग्यश्री के साथ सलमान की सुपरहिट फिल्म 'मैंने प्यार किया'थी। इस फिल्म में सलमान प्रेम बने थे। उसके बाद माधुरी के साथ सलमान की फिल्म 'हम आपके हैं कौन'ने भी जबरदस्त कामयाबी हासिल की थी।

इस फिल्म में भी सलमान के किरदार का नाम प्रेम था। ऐसे में फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' की मार्केटिंग टीम को दोनों अभिनेत्रियों के लिए खास शो रखने का आइडिया आया और उन्होंने सलमान को इस बारे में सुझाव दिया।

सलमान को भी यह आइडिया पसंद आया। खास शो की तारीख और समय अब तक तय नहीं है क्योंकि सलमान 'सुल्तान' की शूटिंग में व्यस्त हैं। जल्द ही वे समय निकालकर इस शो का आयोजन करेंगे।

पंजाब में शो के दौरान मशहूर बॉलीवुड फीमेल सिंगर के साथ हुई बदसलूकी

बीसीआर न्यूज़।।लुधियाना।। बॉलीवुड की मशहूर सिंगर अल्का याग्निक के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। यह मामला पंजाब के लुधियाना में 10 अक्टूबर का है जब अल्का यहां एक प्रोग्राम के लिए पहुंची थीं।

सूत्रों के अनुसार वहां शराब के नशे में धुत सुतलज क्लब के स्टाफ ने उनके साथ मिसबिहेव किया। इस बारे में अल्का के मैनेजर ने पुलिस और क्लब के प्रेसिडेंट से शिकायत की है। आरोपी व्यक्ति शराब के नशे में धुत था और अल्का के साथ फोटो खिचवाना चाहता था जब अल्का ने इसके लिए मना किया तो वह बदसलूकी करने लगा। इस मामले को लेकर डिप्टी कमिश्नर ने क्लब के जनरल सेक्रेटरी रोहित दत्ता को एक शोकॉज नोटिस भेजा है। दत्त ने बताया कि आरोपी ने इस बारे में पूछा था। उसने जवाब दे दिया है जिसे क्लब के प्रेसिडेंट के पास भेज दिया गया है। हालांकि इस मामले को लेकर अन्य क्लब मेंबर्स का कहना है कि 2016 में चुनाव होने वाले हैं और हो सकता है कि किसी को बदनाम करने के लिए इस मामले को उठाया जा रहा हो। क्लब के बार सेक्रेटरी रोकेश कपूर का कहना है कि क्लब में यह उनका दूसरा टर्म है। बतौर बार सेक्रेटरी मैं जानता हूं कि जिस शख्स पर आरोप लगाया जा रहा है वह शराब पीता ही नहीं है। जबकि उस पर नशे में सेलिब्रिटी के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने हाल ही में जनरल सेक्रेटरी के पोस्ट के लिए इलेक्शन लड़ने की बात कही थी तो हो सकता है कि उसे विवाद में फंसा कर बदनाम करने की साजिश की जा रही हो। बता दें कि आरोपी ने इस मामले को लेकर अभी तक कुछ नहीं कहा है।

सलमान के खिलाफ गवाही देना पड़ा महंगा, परिवार ने भी छोड़ दिया था साथ

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। हाल ही में सुपरस्टार सलमान खान के हिट एंड रन केस के बारे में सब जानते हैं। इस मामले में रवींद्र पाटिल प्रमुख गवाह गवाह थे, जिनकी 2007 में मौत हो गई।

सवाल है कि रवींद्र की मौत कैसे हुई और उसकी मौत के पीछे की खास वजह क्या थी ?

'हिट एंड रन मामले' में जुड़ने के बाद से ही रवींद्र कोर्ट–कचहरी से बहुत डरने लगा था। उस पर वकीलों का बहुत दबाव था। वह कोर्ट में वकीलों के सवालों के जवाब देने से भी डरने लगा था। इसके चलते वह डिप्रेशन में चला गया था।

बताया जाता है कि इस केस में जेल से बाहर आने के बाद परिवार वालों ने उसे बयान बदलने के लिए काफी समझाया, क्योंकि पुलिस परिवार को परेशान कर रही थी। लेकिन रवींद्र ने उनकी बात नहीं मानी।

पेशी के दौरान कोर्ट में अनुपस्थित रहने के आरोप में रवींद्र को जेल भेज दिया गया था। इतना नहीं नहीं, जेल में भी उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जाता था कि मानो वह खूंखार कैदी हो। उसे अन्य कैदियों से अलग रखा गया था। एक बार उसे सीरियल किलर्स के साथ ही रखा गया। रवींद्र ने इसके लिए आवेदन भी किया था कि उसे सीरियल किलर के साथ न रखा जाए, लेकिन कोर्ट ने उसके इस आवेदन को रद्द कर दिया था।

रवींद्र की मौत 2007 में सेवरी म्युनिसिपल अस्पताल में हुई। वह नर्वस ब्रेक डाउन का शिकार हो गया था। जब उसने अंतिम सांस ली, तब उसके पास परिवार का भी कोई व्यक्ति नहीं था।

साल भर में ही टूटने की कगार पर सलमान की बहन की शादी, होगा तलाक !

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट और उनकी पत्नी श्वेता रोहिरा के रिश्ते के बारे में खबर आई है कि उनके बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। सूत्रों की मानें तो उनके बीच झगडे काफी बढ रहे हैं। इतना ही नहीं, सुनने में यहां तक आया है कि पुलकित और श्वेता जल्दी ही तलाक की अर्जी भी दायर कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक खुद पुलकित या श्वेता ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है।

बता दें कि पुलकित सम्राट ने सलमान की राखी बहन श्वेता रोहिरा की शादी 3 नवंबर 2014 को गोवा में हुई थी। खुद सलमान ने श्वेता का कन्यादान किया था। श्वेता मुंबई की एक सीधी साधी लडकी हैं और बचपन से ही सलमान से प्रभावित हैं। वे बचपन से सलमान को राखी बांधती है। सलमान श्वेता को अपनी सगी बहन की तरह ही मानते हैं, तभी तो वे न केवल उनकी शादी में शरीक हुए, बल्कि उनका कन्यादान भी किया।

पुलकित सम्राट दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्हें सबसे पहले टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में देखा गया था। इसके बाद वे बॉलीवुड में डायरेक्टर मृगदीप सिंह लांबा की फिल्म 'फुकरे' (2013) और उमेश बिष्ट की फिल्म 'ओ तेरी' (2014) में नजर आ चुके हैं। 'ओ तेरी' को सलमान के बहनोई अतुल अग्निहोत्री ने प्रोड्यूस किया था। इसी साल उन्हें फिल्म 'बैंगिस्तान' में भी देखा गया था।

पुलकित और श्वेता की मुलाकात एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में हुई थी। उस दौरान श्वेता एक ट्रेनी जर्नलिस्ट थीं। दोनों की मुलाकात जल्द ही प्यार में बदल गई। दोनों ने सगाई कर ली। बता दें कि पुलकित श्वेता को शादी से पहले ही मिसेज सम्राट बुलाने लगे थे।

T-TIME MUSIC INDUSTRY (Regd.)
(A complete Audio-Video Releasing Company)
किसी भी भाषा में म्युजिक एलबम या फिल्म बनवाने या रिलीज करवाने के लिए सम्पर्क करें।
Mob:- 09350859564, 08750676801, 09310252692 (Whatsapp)
T-Time Music

'शानदार' ने विदेश में कमाए 21 लाख डॉलर

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। निर्देशक विकास बहल की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'शानदार' ने वैश्विक बाजारों में काफी अच्छा कारोबार किया है। फिल्म ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में 21 लाख डॉलर की कमाई की है। यह फिल्म शाहिद कपूर और आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत है।

बयान के मुताबिक, फिल्म 'शानदार' ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी अच्छा किया है। शाहिद के लिए शुरुआती सप्ताहांत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक कमाई वाली पहली फिल्म है।

फिल्म ने अमेरिका में 449,556 डॉलर और ब्रिटेन में 258,519 डॉलर की कमाई की। पाकिस्तान में फिल्म रविवार को प्रदर्शित हुई, वहां भी फिल्म ने 64,400 डॉलर की कमाई की। शाहिद की 'हैदर', 'फटा पोस्टर निकला हीरो' और 'आर... राजकुमार' जैसी फिल्मों ने भी विदेशों में अच्छा कारोबार किया।

फिल्म समीक्षक अजय शास्त्री के अनुसार, फिल्म 'शानदार' को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली, क्योंकि सप्ताहांत में फिल्म का कलेक्शन घट गया। फिल्म में पंकज कपूर, संजय कपूर और सनाह कपूर जैसे अन्य सितारे हैं।

शानदार ने गुरुवार को 13.10 करोड़ रुपये की कमाई की। शुक्रवार को 7.55 करोड़ रुपये, रविवार को 6.11 करोड़ रुपये, फिल्म ने भारत में कुल 33.51 करोड़ रुपये की कमाई की।

''बाहुबली'' का तीसरा संस्करण भी बनायेंगे राजामौली

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। चेन्नई दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने फिल्मकार एस. एस. राजामौली अपनी सुपरहिट फिल्म 'बाहुबली' का तीसरा संस्करण भी बनाने जा रहे हैं ।

राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म बाहुबली ने बॉक्स ऑफिस पर रिकार्ड कमाई की है। राजामौली ने ट्विटर पेज पर लिखा, फिल्म 'बाहुबली 3' बननी है। लेकिन फिल्म के पहले दो भाग के लिए लिखी गई कहानी को तीसरे भाग के लिए जबर्दस्ती आगे नहीं खींचा जाएगा। यह कहानी दूसरे भाग के साथ ही समाप्त हो जाएगी।

राजामौली ने कहा कि'बाहुबली 3' इस तरह बनाई जाएगी, जिसका दर्शकों ने पहले कभी अनुभव नहीं लिया होगा।

राजामौली नवंबर मध्य या दिसंबर की शुरुआत में'बाहुबली 2' की शूटिंग दोबारा शुरू करेंगे। वह इसकी 40 फीसदी शूटिंग पूरी कर चुके हैं।

फिल्म में राणा डग्गुबाती, प्रभाष, तमन्ना भाटिया, अनुष्का शेट्टी, रमैया कृष्णन और सत्यराज मुख्य भूमिका में हैं।

आमिर, अमिताभ के शो से 'हीरोज' की टक्कर नहीं : ऋतिक



बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन का कहना है कि उनका अपने आगामी शो 'हीरोज' के जरिये 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान के 'सत्यमेव जयते' और महानायक अमिताभ बच्चन के 'आज की रात है जिंदगी' शो को टक्कर देने का कतई इरादा नहीं है।

ऋतिक 'हीरोज' के सूत्रधार होंगे। यह शो उन लोगों की असल जिंदगी की सच्ची कहानियों पर आधारित होगा, जो अपनी चुनौतियों व मुश्किलों का दृढ़ता से सामना कर नायकों की तरह उबरकर सामने आए हैं।

ऋतिक ने शुक्रवार को शो के लांच पर आमिर और अमिताभ के शो से तुलना होने पर कहा, ''सत्यमेव जयते' शो उन लोगों के बारे है, जो अपने अधिकारों और दूसरों की मुश्किलों के लिए लड़ते हैं लेकिन 'हीरोज' उन लोगों की सच्ची कहानियां हैं, जो उन समस्याओं और बाधाओं से ऊपर उठे हैं, जो उन्हें अपनी बाधाएं लगी थीं।

तो इस तरह यह व्यक्तिगत कहानियों के बारे में है।''

'हीरोज' के निर्देशक समर खान ने कहा, ''हां प्रत्येक शो में थोड़ी बहुत समानता और अंतर है, लेकिन मेरे ख्याल से हमारे लिए यह समझना अहम है कि आसपास मौजूद हर शख्स अब इन नायकों (हीरोज) का गुणगान कर रहा है।''

दिवाली से पहले हॉट सनी लियोनी ने फैंस को दिया डबल धमाका

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड में इन दिनों सेक्स कॉमेडिज फिल्म बनना आम सी बात हो गई है। अभी हाल ही में सैफ अली खान के जीजा कुणाल खेमु की आने वाली फिल्म गुड्डू की गन का ट्रेलर रिलीज हुआ था और अब सनी लियोनी की आने वाली फिल्मी मस्तीजादे का पोस्टर सामने आया है। फिल्म के पोस्टर को सनी लियोनी ने खुद अपने इंस्टा के अकाउंट पर शेयर किया है।

दिवाली से पहले सनी लियोनी का फैंस के लिए ये डबल धमाल जबरदस्त है। दरअसल पोस्टर में दो अलग अलग अवतार में सनी लियोनी काफी हॉट दिख रही है। मिलाप झवेरी की फिल्म ''मस्तीजादे'' में सनी लियोन लीड रोल में हैं। बोर्ड ने फिल्म को कुछ सीन और डायलॉग हटाने के बाद ''ए'' सर्टिफिकेट दिया है।

आपको बता दें कि फिल्म में सनी लियोनी दोहरी भूमिका में नज़र आएगी लीला लेले और लिली लेले। यह फिल्म इसी साल 2015 में रिलीज़ होगी।

भंसाली के साथ फिर काम करेंगी ऐश्वर्या राय

बीसीआर न्यूज़।।मुंबई।। बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय मशहूर फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ फिर से काम करना चाहती है।

ऐश्वर्या राय ने हाल ही में प्रदर्शित संजय गुप्ता की फिल्म जज्बा से बॉलीवुड में पांच साल बाद वापसी की है। इससे पहले ऐश्वर्या ने अंतिम बार भंसाली की फिल्म गुजारिश में काम किया था। इसके अलावा वह भंसाली के साथ हम दिल दे चुके सनम और देवदास जैसी फिल्मों में काम कर चुकी है।

ऐश्वर्या ने कहा कि वह भंसाली के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगी। ऐश्वर्या ने अपने और भंसाली के रिश्तों पर बात करते हुए साफ किया उन दोनों का एक–दूसरे के साथ बेहद खास रिश्ता है। उन्होंने कहा कि संजय के बिना बोले ही वह समझ जाती है कि वो फिल्म में कैसा दृश्य चाहते हैं।

BCR BOLLYWOOD CINE REPORTER NEWS
सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित
बॉलीवुड सिने रिपोर्टर
राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र, फ़िल्मी दुनिया आपके घर
RNI No. UPHIN/2013/50311
Postel No. UP/GBD-183/2014-16
WEBSITE: www.bollywoodcinereporter.com
Email ID: editorbcr@gmail.com ; editor.bollywoodcinereporter@gmail.com

सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी साप्ताहिक : मुम्बई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखण्ड में एक साथ प्रसारित

बॉलीवुड सिने रिपोर्टर

अब वेब न्यूज चैनल के साथ

28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2015 तक

BCR NEWS
www.bcrnews.co.in

NORTH INDIAN FILM & TELEVISION DEVELOPMENT ASSOCIATION (Regd.)
(उत्तर भारत की एक मात्र फिल्म एसोसिएशन)
उत्तर भारत में फिल्मी दुनिया से जुडे सभी लोग एसोसिएशन के सदस्य बनकर
लाभ उठाऐं एवं उत्तर भारत में फिल्म इन्डस्ट्री को स्थापित करने के सहयोगी बनें।
Mob:- 09350859564 (Delhi), 09310252692 (Whatsapp)

Ajay Shastri
(President)

NIFTDA

मुद्रक, स्वामी, प्रकाशक व सम्पादक अजय शास्त्री ने वत्स ऑफसैट, मैन दादरी रोड, बरौला, सेक्टर-49, नौएडा, गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0) से छपवाकर, सी-196, ब्रिज विहार, गाजियाबाद-201011 (उ0 प्र0) हेतू प्रकाशित किया। मो0. 07503438080,09350859564। इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के लिए सभी लेखकों की जिम्मेदारी होगी। सभी प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।